Headline: <u>IIHMR Startups organized 3rd Edition of the Grand Health Innovation Challenge for student innovators to promote entrepreneurial ecosystem in the Healthcare</u>

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
13 October 2023	Rajasthan Patrika	Jaipur

आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी

इनोवेटर्स ने जूरी के सामने पेश किए सेहत से जुड़े इनोवेटिव आइडिया

जयपुर @ पत्रिका. तकनीक और डिजिटलीकरण के दौर में इनोवेशन ही हमारी समस्याओं के बेहतर विकल्प उपलब्ध करवा सकता है। खासकर स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़ी परेशानियों में तकनीकी इनोवेशन नए द्वार खोल सकती है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए आईआईएचएमआर विवि. में ग्रैंड हैल्थ इनोवेशन चैलेंज के तीसरे सीजन का आयोजन किया गया। हेल्थकेयर में एंटरप्रेन्योरल इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए आईआईएचएमआर स्टार्टअप्स की ओर से स्टूडेंट इनोवेटर्स के लिए आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न शहरों के इनोवेटर्स ने आइडिया प्रस्तुत किए। स्क्रीनिंग के बाद शॉर्टलिस्ट किए गए 12 इनोवेटर्स ने जूरी सदस्यों के सामने अपने इनोवेटिव हैल्थ केयर आइडिया को बताया। जूरी में सीके बिड़ला हॉस्पिटल की मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सुहासिनी जैन, आईआईएचएमआर स्टार्टअप्स की सह-संस्थापक एवं निदेशक डॉ. शीनू जैन, जेईसीआरसी विवि. की इनक्यूबेशन मैनेजर कोमल जोशी व आईआईएच-एमआर फाउंडेशन के सीईओ पुनीत दत्ता शामिल थे।